# राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद

द्वितीय तल, ब्लॉक–5,डॉ० राधाकृष्णन शिक्षा संकुल परिसर,
जवाहरलाल नेहरू मार्ग, जयपुर–30217

क्रमांकः रास्कूशिप / जय / शाला दर्पण प्रकोष्ठ / 2019–20/694 दिनांकः– 11/07/2019

## परिपत्र

### राजीव गांधी कैरियर गाईडेंस एवं काउंसलिंग सैल (RGCGCC)

शासन के समसंख्यक आदेश क्रमांक–पं.17(2)शिक्षा–1/2019 जयपुर दिनांक–14.06.2019 के क्रम में प्रदेश के कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों को विविध जानकारियॉ देने हेतु **''राजीव गांधी कैरियर गाईडेंस एवं काउंसलिंग सैल (RGCGCC)''** का राज्य, जिला एवं ब्लॉक स्तर पर गठन किया गया है। इससे पूर्व प्रदेश में देश के प्रथम कैरियर गाईडेंस पोर्टल का लोकार्पण दिनांक–06.02.2019 को माननीय शिक्षा मंत्री महोदय द्वारा किया गया, जिसका नामकरण **''राजीव गांधी कैरियर गाईडेंस पोर्टल''** किया गया। इस Online पोर्टल से प्रदेश के कक्षा 9 से 12 तक के बालक–बालिकाओं को कैरियर निर्माण, विभिन्न उच्च शिक्षण संस्थानों, प्रवेश परीक्षाओं, रोजगारपरक पाठ्यक्रम एवं विविध छात्रवृतियों के बारे में उचित मार्गदर्शन तथा अवसर की जानकारी निःशुल्क प्राप्त हो सकेगी। इस पोर्टल पर हिन्दी और अंग्रेजी भाषा में 14 देशों के 10,000+ शैक्षणिक संस्थाऐं, 200+ व्यावसायिक, 237+ प्रोफेसनल, 455+ कैरियर विकल्पों, 960+ छात्रवृत्तियाँ, 955+ प्रवेश परीक्षाओं के संबंध में निःशुल्क जानकारी मिल सकेगी जिससे प्रदेश के कक्षा–9 से 12 के विद्यार्थी लाभान्वित हो सकेंगे। इस हेतु प्रदेश के कक्षा 9 से 12 के सभी विद्यार्थियों को लॉगइन आई.डी. एवं पासवर्ड सम्बन्धित विद्यालय द्वारा जारी किया गया है। **इस पोर्टल की मॉनिटरिंग एवं पर्यवेक्षण हेतु** तथा जिन विद्यार्थियों को इस पोर्टल की ऑनलाईन सुविधा उपलब्ध नही हो, उनकी सुविधाओं के लिए **''राजीव गांधी कैरियर गाईडेंस एवं काउंसलिंग सैल (RGCGCC)''** का राज्य, जिला एवं ब्लॉक स्तर पर गठन किया गया है,

www.rajteachers.com

राज्य, जिला एवं ब्लॉक स्तर पर गठित राजीव गांधी कैरियर गाईडेंस एवं काउंसलिंग सैल (RGCGCC) के उद्देश्य, कार्य एवं संरचना निम्नानुसार रहेगी :-

उद्देश्यः-

- सैकण्डरी एवं सीनियर सैकण्डरी उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को आगामी पाठ्यक्रमों एवं व्यवसाय/भर्तियों के संबंध में निरन्तर समस्त जानकारी उपलब्ध कराना।
- राज्य, राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर आगामी शिक्षा एवं रोजगार हेतु समस्त प्रकार की सूचना एवं सामग्री का संकलन सुरक्षित रखना।
- विद्यालय स्तर पर छात्र-छात्राओं को कैरियर के चयन में आवश्यक सलाह एवं मार्गदर्शन प्रदान करना।
- विद्यालय स्तर पर छात्र-छात्राओं के बौद्धिक स्तर एवं अभिरूचि का उचित तरीके से परीक्षण कर उचित सलाह देना।
- सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थाओं द्वारा छात्र-छात्राओं के आगामी शिक्षण, प्रवेश परीक्षाओं की जानकारी एवं कैरियर निर्माण व रोजगार संबंधी परीक्षाओं की तैयारी हेतु उपलब्ध कराई जाने वाली विभिन्न शैक्षिक एवं आर्थिक सुविधाओं की जानकारी प्रदान करना।

कार्यः-

- **''राजीव गांधी कैरियर गाईडेंस एवं काउंसलिंग सैल''** (RGCGCC) का गठन राज्य, जिला एवं ब्लॉक स्तर पर किया गया है।
- **राज्य, जिला एवं ब्लॉक स्तर पर गठित उक्त प्रकोष्ठ (सैल) प्रत्येक माह की 15 तारीख (राजपत्रित अवकाश की स्थिति में आगामी कार्य दिवस) को प्रातः 11.00 बजे से 1.00 बजे तक सम्बन्धित प्रकोष्ठ (सैल) मुख्यालयों पर उपस्थित विद्यार्थियों को निःशुल्क जानकारी उपलब्ध करायेंगे।**
- विद्यार्थियों को अधिकतम लाभान्वित करने के लिये उपरोक्तानुसार निर्धारित तिथि एवं समय का राज्य, जिला एवं ब्लॉक स्तर पर प्रचार-प्रसार किया जायेगा।
- उपरोक्तानुसार निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित विद्यार्थियों का अभिलेख भी राज्य, जिला एवं ब्लॉक स्तर पर संधारित किया जायेगा।
- राज्य, जिला एवं ब्लॉक स्तर पर गठित सैल (प्रकोष्ठ) द्वारा कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों को **''राजीव गांधी कैरियर गाईडेंस पोर्टल''** पर उपलब्ध जानकारी एवं अन्य संसाधनों से उपलब्ध जानकारियाँ जो विद्यार्थी हित में हों, निःशुल्क उपलब्ध करवायी जायेगीं।
- ब्लॉक एवं जिला स्तर पर संधारित अभिलेख की सूचना निर्धारित प्रारूप में प्रतिमाह 20 तारीख तक संबंधित सीबीईओ द्वारा सीडीईओ को तथा सीडीईओ द्वारा राज्य स्तर पर गठित प्रकोष्ठ को उपलब्ध कराई जायेगी।।
- उपरोक्तानुसार राज्य स्तर पर लाभान्वितों की संकलित सूचना अभिलेख के रूप में जिलावार प्रतिमाह अंतिम कार्य दिवस को निर्धारित प्रारूप में संधारित की जाकर राज्य मुख्यालय पर नोडल अधिकारी को प्रस्तुत की जायेगी।

www.rajteachers.com

## संरचना / गठन

राजीव गांधी कैरियर गाईडेंस एवं काउंसलिंग सैल (RGCGCC) का गठन राज्य, जिला एवं ब्लॉक स्तर पर निम्नानुसार किया जाता है।

### राज्य स्तर

- राज्य स्तर पर शिक्षा संकुल परिसर में राज्य स्तरीय **"राजीव गांधी कैरियर गाईडेंस एवं काउंसलिंग सैल"** (RGCGCC) का गठन किया गया है।
- **अतिरिक्त राज्य परियोजना निदेशक–प्रथम** जो राजस्थान प्रशासनिक सेवा के स्तर के हैं, **इस सैल (प्रकोष्ठ) प्रभारी अधिकारी** होंगे। सैल (प्रकोष्ठ) का गठन निम्नानुसार किया गया है।

 1. उपायुक्त (शाला दर्पण सेल), संयोजक
 2. उप निदेशक (शाला दर्पण), सदस्य सचिव
 3. सहायक निदेशक (शाला दर्पण), सदस्य
 4. सीमेट, प्रतिनिधि सदस्य जो जिला शिक्षा अधिकारी स्तर के हों

उपरोक्तानुसार गठित सैल (प्रकोष्ठ) **"राजीव गांधी कैरियर गाईडेंस पोर्टल"** की योजना बनाने, कार्यक्रम तैयार करने एवं क्रियान्विति का कार्य करेगी। सीमेट के प्रतिनिधि को पूर्व सूचना देकर निर्धारित तिथि को राज्य मुख्यालय पर उपस्थित होने हेतु निर्देशित किया जायेगा। उपस्थित विद्यार्थियों को स्थान तय कर निर्धारित तिथि को निःशुल्क वांछित जानकारियाँ दी जायेंगी।

### जिला स्तर

- जिला स्तर पर मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी, कार्यालय में जिला स्तरीय **"राजीव गांधी कैरियर गाईडेंस एवं काउंसलिंग सैल"** (RGCGCC) का गठन किया गया है।
- सम्बन्धित जिलें का **सीडीईओ**, इस सैल के **प्रभारी अधिकारी** होंगे। सैल का गठन निम्नानुसार किया गया है।

 1. एडीपीसी, संयोजक
 2. जिला शिक्षा अधिकारी (माध्यमिक शिक्षा), सदस्य
 3. सहायक निदेशक, सीडीईओ कार्यालय, सदस्य सचिव

उपरोक्तानुसार गठित सैल (प्रकोष्ठ) कैरियर गाईडेन्स एवं काउंसलिंग सैल की योजना बनाने, कार्यक्रम तैयार करने एवं क्रियान्विति का कार्य करेगी तथा उपस्थित विद्यार्थियों को स्थान तय कर निर्धारित तिथि को निःशुल्क वांछित जानकारी देगें।

www.rajteachers.com

ब्लॉक स्तर

- ब्लॉक स्तर पर **मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी**, कार्यालय में ब्लॉक स्तरीय राजीव गांधी कैरियर गाईडेंस एवं काउंसलिंग सैल (RGCGCC) का गठन किया गया है।
- सम्बन्धित ब्लॉक के **सीबीईओ**, इस सैल के **प्रभारी अधिकारी** होंगे। सैल का गठन निम्नानुसार किया गया है।
  1. एसीबीईओ–प्रथम, संयोजक
  2. एसीबीईओ–द्वितीय, सदस्य
  3. आर.पी. प्रथम, सदस्य सचिव

उपरोक्तानुसार गठित सैल (प्रकोष्ठ) कैरियर गाईडेन्स एवं काउंसलिंग की योजना बनाने कार्यक्रम तैयार करने एवं क्रियान्विति का कार्य करेगी तथा उपस्थित विद्यार्थियों को स्थान तय कर निर्धारित तिथि को निःशुल्क वांछित जानकारी देगें।

**सूचना एवं सामग्री संकलन**

- राजीव गांधी कैरियर गाईडेंस एवं काउंसलिंग सैल (RGCGCC) हेतु ऑन लाईन कैरियर पोर्टल से संबंधित समस्त प्रकार की निःशुल्क अपडेट जानकारी उपस्थित विद्यार्थियों को देना।
- कैरियर गाईडेन्स एवं काउन्सलिंग से संबंधित समस्त प्रकार की सूचना एवं जानकारी तथा आवश्यक सामग्री का संकलन तीनों स्तर पर समसा योजनान्तर्गत किया जावेगा।
- Online पोर्टल के अलावा अन्य सूचनाओं की सामग्री एवं सूचना के स्तर की जानकारी संकलित करने हेतु  इसका चयन एवं निर्धारण राज्य स्तरीय राजीव गांधी कैरियर गाईडेंस एवं काउंसलिंग सैल (RGCGCC) द्वारा किया जायेगा।

प्रशिक्षण

- राज्य स्तर पर एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन कर जिला स्तरीय अधिकारियों को प्रशिक्षित किया जायेगा। जिला स्तरीय सैल के प्रशिक्षित अधिकारियों द्वारा ब्लॉक स्तर पर अधिकारियों को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया जायेगा। ब्लॉक स्तर पर पंचायत प्रारम्भिक शिक्षा अधिकारियों का वर्ष में एक बार कैरियर काउंसलिंग से संबंधित अभिमुखीकरण किया जाएगा। इन पंचायत स्तरीय अधिकारियों का प्रशिक्षण ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों द्वारा दिया जायेगा।

नोडल विभाग

- राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद, जयपुर इसका नोडल विभाग होगा तथा राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद में पदस्थापित अतिरिक्त राज्य परियोजना निदेशक–प्रथम इसके नोडल प्रभारी अधिकारी होंगे।

संलग्न–:**राज्य, जिला एवं ब्लॉक स्तर पर अभिलेख संधारण निर्धारित प्ररूप 'अ' में करते हुये सूचना सम्प्रेषण पृथक से निर्धारित प्ररूप 'ब' में ब्लॉक से जिला स्तर पर तथा जिला स्तर से परिषद् मुख्यालय को प्ररूप 'स' में प्रेषित करेगें तथा राज्य स्तर पर प्ररूप 'द' में समेकित की जायेगी।**

www.rajteachers.com

(प्रदीप कुमार बोरड़)
**IAS**
**आयुक्त सह विशिष्ट शासन सचिव,**
**स्कूल शिक्षा एवं राजस्थान स्कूल शिक्षा**
**परिषद्,जयपुर (राज.)**

क्रमांकः रास्कूशिप/जय/शाला दर्पण प्रकोष्ठ/2019–20/694 दिनांकः– 11/07/2019

**प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–**

1. विशिष्ट सहायक, शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), राजस्थान सरकार, जयपुर।
2. निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव, स्कूल शिक्षा एवं भाषा विभाग, राजस्थान सरकार, जयपुर।
3. आयुक्त सह विशिष्ठ शासन सचिव,, स्कूल शिक्षा एवं राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद्, जयपुर।
4. निदेशक, माध्यमिक/प्रारम्भिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर।
5. राज्य परियोजना निदेशक, राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद्, जयपुर।
6. अतिरिक्त राज्य परियोजना निदेशक–प्रथम/द्वितीय, राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद्, जयपुर।
7. समस्त संयुक्त निदेशक, स्कूल शिक्षा, समस्त संभाग।
8. समस्त मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी, समस्त जिले।
9. समस्त जिला शिक्षा अधिकारी, मुख्यालय (माध्यमिक/प्रारम्भिक) समस्त जिले।
10. समस्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, समस्त ब्लॉक।
11. रक्षित पत्रावली।

9/7/19

www.rajteachers.com

(हरभान मीणा)
**RAS**
अतिरिक्त राज्य परियोजना निदेशक
राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद्, जयपुर

## ब्लॉक, जिला एवं राज्य स्तर पर अभिलेख संधारण हेतु राजीव गांधी कैरियर गाईडेंस एवं काउंसलिंग सैल (RGCGCC) के लाभान्वितों की सूचना का निर्धारित प्रारूप–'अ'

ब्लॉक/जिला/राज्य का नाम..........................................

| क्र.सं. | दिनांक | विद्यालय का नाम | विद्यार्थी का नाम | पिता का नाम | कक्षा | विद्यार्थियों द्वारा चाही गई एवं प्रकोष्ठ द्वारा दी गई जानकरियां | परामर्शदाता | विद्यार्थियों के मोबाईल नम्बर | विशेष विवरण |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | | | | | | | | | |

## ब्लॉक स्तर पर राजीव गांधी कैरियर गाईडेंस एवं काउंसलिंग सैल (RGCGCC) के लाभान्वितों की सूचना जिला स्तर पर भिजवाने हेतु निर्धारित प्रारूप–'ब'

ब्लॉक का नाम..........................................

| क्र.सं. | दिनांक | ब्लॉक का नाम | लाभान्वित विद्यार्थियों की संख्या | कक्षा का स्तर | विद्यार्थियों द्वारा चाही गई एवं प्रकोष्ठ द्वारा दी गई जानकरियां | परामर्शदाता | विशेष विवरण |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | | | | | | | |

## जिला स्तर पर राजीव गांधी कैरियर गाईडेंस एवं काउंसलिंग सैल (RGCGCC) के लाभान्वितों की सूचना राज्य स्तर पर भिजवाने हेतु निर्धारित प्रारूप–'स'

जिले का नाम..........................................

| क्र.सं. | दिनांक | ब्लॉक का नाम | लाभान्वित विद्यार्थियों की संख्या | कक्षा का स्तर | विद्यार्थियों द्वारा चाही गई एवं प्रकोष्ठ द्वारा दी गई जानकरियां | परामर्शदाता | विशेष विवरण |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | | जिला स्तर पर परामर्श हेतु उपस्थित लाभान्वित विद्यार्थियों का विवरण (संख्यात्मक) | | | | | |
| 2 | | | | | | | |

## राज्य स्तर पर राजीव गांधी कैरियर गाईडेंस एवं काउंसलिंग सैल (RGCGCC) के लाभान्वितों की समेकित सूचना निर्धारित प्रारूप–'द'

| क्र.सं. | दिनांक | जिले का नाम | लाभान्वित विद्यार्थियों की संख्या | कक्षा का स्तर | विद्यार्थियों द्वारा चाही गई एवं प्रकोष्ठ द्वारा दी गई जानकरियां | परामर्शदाता | विशेष विवरण |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | | राज्य स्तर पर परामर्श हेतु उपस्थित लाभान्वित विद्यार्थियों का विवरण (संख्यात्मक) | | | | | |
| 2 | | | | | | | |

www.rajteachers.com